nt>

Title: Need to make arrangements of P.C.O. in the rural area of Chandoli and Varanasi in Uttar Pradesh.

श्री आनन्द रत्न मौर्य : माननीय सभापति जी, मेरे संसदीय क्षेत्र में चंदौली और वाराणासी जिला आता है। दोनों जिलों में बहुत अच्छे उद्देश्य को लेकर एम.ए.आर.आर. का ग्रामीण पी.सी.ओ. लगाने का कार्यक्रम बनाया गया। बहुत से पी.सी.ओज. लगे हैं और बहुत से और लगाए जा रहे हैं। लेकिन मानक के अनुसार एम.ए.आर.आर. का एक भी पी.सी.ओ. नहीं लगा है। जो भी लगाए जा रहे हैं वे मानक के अनुसार नहीं हैं। अधिकारियों के जो मन में आता है, जैसे मन में आता है, वैसे ही लगा देते हैं। इसमें भ्रष्टाचार भी बहुत बड़े पैमाने पर है और ग्रामीण जनता इससे त्रस्त भी है। एक ही गांव में चार-चार आदमियों को पी.सी.ओ. दे दिया जाता है, जिससे परेशानी खड़ी हो जाती है।

दूसरा, जितने भी एम.ए.आर.आर. के पी.सी.ओ. लगाए गये हैं उनका रखरखाव का इंतजाम भी नहीं है और ८० प्रतिशत टेलीफोन काम नहीं कर रहे हैं। मेरी सरकार से मांग है कि जो ग्रामीण पी.सी.ओज लगाए गये हैं उनके रखरखाव का भी समुचित प्रबंध किया जाए।